भारतीय रिज़र्व बैंक

बुलेटिन

सितंबर 2017

खंड 71 अंक 9

संपादन समिति
जनक राज
गौतम चैटर्जी
अमिताभ सरदार
राजीव रंजन

संपादक
सुनील कुमार

भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन संपादन समिति के निर्देशन में आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग द्वारा मासिक आधार पर प्रकाशित किया जाता है। इसमें व्यक्त व्याख्याओं और विचारों के लिए बैंक का केंद्रीय निदेशक मंडल उत्तरदायी नहीं है। हस्ताक्षरित लेख में व्यक्त विचारों के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है।

© भारतीय रिज़र्व बैंक 2017

सर्वाधिकार सुरक्षित।
सामग्री के पुनः प्रयोग की अनुमति है,
बशर्ते कि स्रोत का उल्लेख किया जाए।

बुलेटिन के सदस्यता शुल्क के लिए कृपया "भारतीय रिज़र्व बैंक के हाल के महत्त्वपूर्ण प्रकाशन" खंड देखें।

भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन को इंटरनेट के माध्यम से **http://www.bulletin.rbi.org.in** पर भी देखा जा सकता है।

विषयवस्तु

भाषण

दबावग्रस्त आस्तियों का निवारण: अंतिम अवस्था की तरफ
उर्जित आर. पटेल 1

कृषि ऋण पर माफी पर सेमिनार -
प्रभावशीलता और सीमाएँ - आरंभिक व्याख्यान
उर्जित आर. पटेल 5

लेख

चुनिंदा आर्थिक टाइम सीरीज़ के मासिक मौसमी कारक, 2016-17 9

निजी कॉर्पोरेट निवेश : वर्ष 2016-17 के दौरान हुई वृद्धि और
2017-18 के लिए संभावनाएं 23

वर्तमान सांख्यिकी **33**

हाल के प्रकाशन **72**

अनुपूरक

वार्षिक रिपोर्ट 2016-17

भाषण

दबावग्रस्त आस्तियों का निवारण: अंतिम अवस्था की तरफ
उर्जित आर. पटेल

कृषि ऋण पर माफी पर सेमिनार -
प्रभावशीलता और सीमाएँ - आरंभिक व्याख्यान
उर्जित आर. पटेल

*दबावग्रस्त आस्तियों का निवारण: अंतिम अवस्था की तरफ**

उर्जित आर. पटेल

1. माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली, सेबी के अध्यक्ष श्री अजय त्यागी, आईबीबीआई के अध्यक्ष डॉ. साहू; नेशनल फाउन्डेशन फॉर कॉर्पोरेट गवर्नेन्स के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री चन्द्रजीत बनर्जी, देवियो और सज्जनो। सबसे पहले तो मैं आयोजकों यथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय,भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) और नेशनल फाउंडेशन फॉर कॉर्पोरेट गवर्नेन्स की सराहना करता हूँ कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के ऐसे अहम विषय पर इस सम्मेलन का आयोजन किया। विगत कुछ वर्षों में लगातार उच्च अनुपातों को देखें तो बैंकिंग प्रणाली का सकल एनपीए अनुपात 12 प्रतिशत पर चल रहा है, जो वस्तुत: चिन्ता का विषय है। इस जीएनपीए का 86.5 प्रतिशत बड़े कर्जदारों के पास है, अर्थात ऐसे कर्जदार जिनके पास 5 करोड़ और अधिक की रकम फंसी हुई है। जब इसे कुछ बैंकों, खासकर सरकारी क्षेत्र के बैंकों की पूंजी की स्थिति के समक्ष देखें, तो इस समस्या से निपटने की चुनौती और भी बढ़ जाती है।

2. बैंक के तुलनपत्र को विघ्न रहित करने और पूँजी के कुशल पुन: आबंटन के लिए दबावग्रस्त आस्तियों का सहज,समयबद्ध निराकरण या नकदीकरण काफी महत्वपूर्ण होगा। बहु आयामी दृष्टिकोण के माध्यम से इस चुनौती का सम्यक रूप से सामना करने के लिए सरकार, आईबीबीआई और रिज़र्व बैंक एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। इस संक्षिप्त चर्चा के दौरान मेरा आशय है कि इस सम्मिलित दृष्टिकोण के प्रमुख आयामों पर प्रकाश डालूँ और इसमें निहित विचारधारा के बारे में बताऊँ।

3. कानूनी, विनियामक, पर्यवेक्षी और संस्थागत विधान को प्रबल बनाने के लिए पिछले कुछ माह के दौरान सरकार और रिज़र्व बैंक दोनों ने जो विशिष्ट उपाय किए हैं, उनका अंतिम उद्देश्य समयबद्ध तरीके से दबावग्रस्त आस्तियों के शीघ्र निवारण में सुविधा प्रदान करना है। इन उपायों में शीघ्रता की जो भावना निहित है वह इस प्रवृत्ति में परिलक्षित होती है कि कार्य को बहुत आगे तक नहीं खींचा जाए।इन उपयों में अन्य बातों के साथ-साथ पहले के विधान की दो प्रमुख खामियों को हटाया गया है- पहली यह कि निवारण के लिए स्पष्ट-संहित, समय बद्ध अवधि का नहीं होना; और दूसरी यह कि व्यावहारिक पुनर्संरचना योजनाओं को आगे-बढ़ाने के लिए बैंकों और ज्वाइंट लैन्डर्स फोरम्स(जेएलएफ) में समन्वय की विफलता।

I. कानूनी विधान को प्रबल बनाना

दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016

4. दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता,2016 (आईबीसी) का पारित होना हमारे देश में क्रेडिट संस्कृति में सुधार की दिशा में एक विभाजक है। आईबीसी से पहले भारत में दिवाला प्रक्रिया और /अथवा कार्पोरेट बचाव के विभिन्न पक्षों को नियंत्रित करने के लिए बहुविध कानून हुआ करते थे, जिसमें सम्यक कानूनी विधान नहीं था जो संकटग्रस्त अथवा चूककर्ता कम्पनियों के लिए अनुमेय एक सर्वांगीण प्रक्रिया बताता हो। आईबीसी में उद्यमिता संवर्द्धन पर विशेष रूप से ज़ोर देते हुए, आस्तियों के मूल्य को अधिक करने और सभी हिस्सेदारों के हितों को संतुलित करते हुए किसी आस्ति के निवारण की समयबद्ध प्रक्रिया की एकल विन्डो प्रदान की गई है।

5. एक ऋणदाता के लिए अधिकांश मामलों में कोई आस्ति तब अधिक मूल्यवत्ता रखती है जब यह व्यवसाय में लगी हो और पर्याप्त नकदी प्रवाह का सृजन करे,बजाय इसके कि वह आस्ति जो दिवाला प्रक्रिया में पड़ी हो । आईबीसी में 180 दिन की समय सीमा बाँध दी गई है (जिसे और आगे 90 दिन बढ़ाया जा सकता है) और इसी अवधि में ऋणदाता को निवारण योजना के लिए सहमति देनी होगी,इसमें विफल रहने पर इस कानून के तहत न्यायनिर्णयकर्ता प्राधिकरण शोधन-अक्षम कम्पनी पर नकदीकरण आदेश पारित कर देगा। समग्र रूप से ऋणदाताओं के लिए परिसमापन की जो आशंका बड़ी हानियों का कारण बन सकती है,वह न बने इसके लिए शीघ्रता से किसी निर्णय पर पहुँचने के लिए ऋणशोधन निवारण अवधि के दौरान सही परिस्थितियाँ सुनिश्चित करने के पर्याप्त प्रोत्साहन होते हैं।

6. प्रवर्तक के लिए आईबीसी के तहत लाए जाने का सबसे बड़ा झटका यह हो सकता है कि उसे अपनी फर्म किसी सक्षम बोली-लगाने वाले को सौंपनी पड़ जाए। इस फर्म को यह ध्यान

* उर्जित आर. पटेल, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 19 अगस्त 2017 को मुंबई में ''दिवाला और शोधन अक्षमताः बदलते प्रतिमान पर राष्ट्रीय सम्मेलन'' के उद्घाटन सत्र में दिया गया भाषण।

रखना होगा कि वह चूक नहीं करें और सबसे बड़ी बात कि ज्यादा कर्ज नहीं ले। इससे देश में क्रेडिट संस्कृति की प्रत्याशा बढ़ेगी।

अब हम बैंकिंग विनियमन (संशोधक) अध्यादेश की तरफ आते हैं, यह अध्यादेश संसद के दोनों सदनों में वित्त मंत्री महोदय के विशिष्ट नेतृत्व में पारित हो चुका है।

7. एनपीए समस्या के आकार और प्रवृत्ति ने सहवर्ती उपायों का किया जाना जरूरी बना दिया ताकि इस चुनौती का व्यवस्थित रूप से सामना करने में सरकार और रिज़र्व बैंक की मंशा और प्रतिबद्धता का संकेत दिया जा सके। आईबीसी तो आ चुका था लेकिन बड़े दबावग्रस्त खातों के संबंध में बैंकों और JLF की तरफ से अपेक्षित कार्रवाई सामने नहीं आ रही थी। इस आलस्य का कुछ हिस्सा आईबीसी के आरंभिक दिनों को गया तो इसका कुछ हिस्सा एजेन्सी और नैतिक खतरे की अनूठी (और गंभीर) समस्या को जाता है जो एनपीए का निवारण नहीं करने से हुई, जबकि अधिकांश बैंकिंग क्षेत्र सरकारी स्वामित्व में था।

8. इसी विफलता को सुधारने के लिए रिज़र्व बैंक को सांविधिक समर्थन को जरूरी समझा गया ताकि मामलों को आईबीसी के तहत भेजा जा सकें। बैंकिंग विनियमन (संशोधन) अध्यादेश, 2017 में रिजर्व बैंक को शक्ति दी गई है कि वह आईबीसी के प्रावधानों के तहत चूक के मामले में बैंकिंग कम्पनियों को ऋण-शोधन निवारण प्रक्रिया आरंभ करने के लिए निदेश जारी कर सकता है। इसके जरिए बैंक को यह सक्षमता भी दी गई है कि दबावग्रस्त आस्तियों के सम्बन्ध में निदेश जारी करे और दबावग्रस्त आस्तियों के निवारण के बारे में बैंकिंग कंपनियों को सलाह देने के लिए एक या अधिक प्राधिकारियों या ऐसी समितियों को निर्दिष्ट करे जिनके लिए रिज़र्व बैंक ही सदस्यों की नियुक्ति करे अथवा नियुक्ति हेतु अनुमोदन करे।

रिजर्व बैंक द्वारा अनुवर्ती कार्रवाई

9. इस अध्यादेश के ऐलान के अनुसरण में रिज़र्व बैंक ने आईबीसी के तहत निवारण हेतु संदर्भित किए जाने वाली लेखाबहियों का एक सेट निर्धारित किया,जो आंतरिक परामर्शदाता समिति JAC की सिफारिशों,पर आधारित है। प्रतिष्ठानों की शिनाख्त करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया आर्थिक मूल्यों की शीघ्रतम वसूली के उद्देश्य के अनुरूप रही। आईएसी द्वारा सिफारिश किए गए वर्गीकरण मानदंडों का आधार एक बोधगम्य पृथकता (एनपीए की मात्रा,अहमियत और साथ ही अवस्था) था और इनका आईबीसी के निहित प्रयोजनों तथा इस अध्यादेश के साथ निकट संबंध है।

10. हालांकि इस बात पर भी अवश्य जोर दिया जाना चाहिए कि आईबीसी के तहत ऋण-शोधन अक्षमता प्रक्रिया में भेजने जाने का अनिर्वाय रूप से यह मतलब नहीं है कि कम्पनी का समापन हो रहा है। इसमें तो बस एक समय सीमा बताई जाती है जिसके भीतर सभी हिस्सेदारों को मिलकर एक व्यावहारिक निवारण योजना बतानी होगी जिसका अनुमोदन ऋण दाताओं की समिति की कम-से-कम 75 प्रतिशत द्वारा किया जाए; यदि यह प्रयास विफल हो केवल तभी कम्पनी का समापन किया जाएगा।

II. विकासमान विनियामक विधान

11. रिज़र्व बैंक का यह सतत प्रयास रहा है कि पर्यवेक्षक और विनियामक विधानों को प्रबल बनाया जाए ताकि आरंभिक दबाव को समय रहते समझा और प्रकट किया जा सके जिससे प्रभावी और सार्थक निवारण में सुविधा हो।

12. एकतौर पर कहें तो अप्रैल 2015 से ऋणों और अग्रिमों का नवीनीकरण करने पर आस्ति वर्गीकरण के बारे में विनियामक सहनीयता को दूर करने का निर्णय विनियामक मानदंडों को अन्तरराष्ट्रीय सर्वोत्तम परिपाटी के साथ संयोजित करने की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम था।

13. सम्पूर्ण बैंकिंग प्रणाली में गैर-निष्पादक आस्तियों के सकल स्टॉक को स्वीकार करने के लिए सन 2015-16 में आस्ति गुणवत्ता समीक्षा की कार्रवाई एक महत्वपूर्ण कदम था- यह एक प्रकार का ''कैच अप'' था। दबावग्रस्त आस्तियों के समन्वित निवारण हेतु एक व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए कई उपायों की एक श्रृंखला तैयार की गई। इसके अलावा समस्याग्रस्त आस्तियों का निपटारा करने के लिए प्रभावी निवारण विधान नहीं होने के कारण अतिरिक्त युक्तियाँ भी शुरू की गयीं। इन युक्तियों ने प्राथमिक तौर पर क्रेडिट सुविधाओं के सर्वोत्तम नवीनीकरण,स्वामित्व/प्रबंधन को बदलने की क्षमता और दबावग्रस्त आस्तियों के नवीनीकरण में सहायता पहुँचाई। बैंकों द्वारा दबावग्रस्त आस्तियों की बिक्री में अधिकाधिक पारदर्शिता लाने के लिए एक विधान तैयार किया गया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह बिक्री बाजार निर्धारित कीमतों पर हुई है।

14. यदि बैंकों द्वारा कुछ ट्रिगर बिन्दुओं का उल्लंघन किया जाता है तो रिज़र्व बैंक द्वारा त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) की प्रणाली के तहत विशिष्ट विनियामक कार्रवाई की जाती है, अभी हाल ही में इस प्रणाली में संशोधन कर दिया गया है।नियम आधारित दृष्टिकोण के अनुसरण में समस्याग्रस्त बैंकों के मामले में यह प्रणाली सामयिक पर्यवेक्षी कार्रवाई को सुनिश्चित करती है। पीसीए का प्रयोजन और डिजाइन ऐसा है कि बैंक की आधारभूत नीतियों को प्रबल करते हुए विश्वास को पुख्ता किया जाए।

15. बैंकों में मूल्यांकन से लेकर मंजूरी तक क्रेडिट का जो कमजोर अनुशासन है, वह दबावग्रस्त आस्तियों के निर्माण का ऐसा घटक है जो बैंकों से ही सम्बद्ध है। रिज़र्व बैंक द्वारा जोखिम आधारित पर्यवेक्षण प्रक्रिया के माध्यम से इनमें से कुछ जोखिमों को दिखाया जाता है, जिन्हें संबंधित संस्थाओं के साथ मिलकर निदान के लिए लिया जाता है। तथापि, खास-खास उल्लंघनों/अतिक्रमणों के बारे में प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई के प्रयोजन से अलहदा से प्रवर्तन विभाग स्थापित किया गया है। कानून,नियमावली और निदेशों के उल्लंघनों से निपटने के लिए नियम आधारित समसमान विधान तैयार करना इस विभाग के लिए अनिवार्यता है। इस प्रकार की कार्रवाई के माध्यम से प्रवर्तित प्रभावी निषेधों से यह प्रत्याशा है कि सम्यक क्रेडिट संस्कृति को प्रबल बनाने में योगदान मिलेगा।

16. बैंकों के वार्षिक वित्तीय निरीक्षणों (AFI) में यह सामान्यता पाया गया कि एनपीए और बैंकों द्वारा घोषित प्रावधानों तथा AFI प्रक्रिया के दौरान किए गए आकलन में भिन्नता है। खाता बहियों,प्रबंधन की प्रभाविकता की विश्वसनीयता और पारदर्शिता, वास्तविक जोखिम के सामयिक आकलन, आदि पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। तदनुसार इस असम्बद्धता को दूर करने के लिए प्रकटीकरण अपेक्षाओं की व्यवस्था की गई है अर्थात् एक निश्चित सीमा से अधिक हो जाने पर इस प्रकार के विभेदों का विवरण बैंकों को अपने वार्षिक लेखा में देना होगा।

17. हाल ही में सेबी ने एक निर्णय लिया है,जिसमें सूचीबद्ध प्रतिष्ठानों से यह अपेक्षित है कि वे अन्य तथ्यों के साथ-साथ बैंकों से लिए गए ऋणों के बारे में एक कार्यदिवस के भीतर भी हुई चूक को प्रकट करें; यह भी क्रेडिट संस्कृति में व्यापक अन्तर ला सकता है। यदि मेरा समझना सही है तो बैंक के कर्जदारों द्वारा की गई एक दिन की इस चूक का परिणाम यह होगा कि कर्जदार प्रतिष्ठान को दिए गए सभी बैंक-ऋणों को रेटिंग एजेंसियों द्वारा सामान्यतया ''चूक'' के तौर पर वर्गीकृत किया जाएगा और इसके साथ ऐसे जोखिमों पर अधिभार के निहितार्थ और बैंकिंग प्रणाली द्वारा पूँजी अपेक्षाएँ भी जुड़ जाती हैं। ''''

III. संस्थागत उपाय बड़े ऋणों पर जानकारी का केन्द्रीय संग्रह (सीआरआईएलसी)

18. रिज़र्व बैंक ने सन 2014 में सीआरआईएलसी की स्थापना करके प्रणाली स्तर पर एनपीए के बारे में जानकारी की विसंगति दूर करने में एक महत्वपूर्ण अंतराल को भर दिया,इसमें संपूर्ण बैंकिंग प्रणाली में सभी कर्जदारों की क्रेडिट एक्सपोजर संबंधी आंकड़ों के संकलन की सुविधा है, कर्जदारों का और बैंक-दर-बैंक जोखिम का सकल दृष्टिकोण मिलकर पर्यवेक्षकों और साथ-ही-साथ उधारदाताओं के लिए अपेक्षित युक्तियाँ प्रदान कर देता है जो किसी खाते-विशेष में आरंभिक दबाव को समय रहते ट्रैक कर सके। वस्तुत: सीआरआईएलसी के बिना यह AQR संभव नहीं हुआ होता।

संयुक्त उधारदाता मंच (जेएलएफ) व्यवस्था

19. बड़े व्यापार संघों के खातों में समन्वय की समस्याओं को निपटाने के प्रयोजन से जनवरी 2014 में अर्थव्यवस्था में दबावग्रस्त आस्तियों को अनुप्रमाणित करने के लिए विधान में जेएलएफ की स्थापना की परिकल्पना की गई थी। इस विधान की मुख्य समस्याओं में एक खास समस्या यह भी थी कि क्रेडिटर की प्रत्याशाएँ बहुत से मामलों में नवीनीकरण प्रक्रिया में घट रही थी। दूसरे शब्दो में कहें तो अर्थशास्त्री जिसे पाइवोटल वोटिंग के कारण अन्तर्निहित एजेंसी व प्रोत्साहन विफलता कहते हैं, इसी ने जेएलएफ को निर्धारित उद्देश्यों की प्राप्ति से वंचित रखा।

20. इनमें से कुछ समस्याओं का निपटारा मई 2017 में इस अध्यादेश के पारित होने के तत्काल बाद में किया गया। किसी प्रस्ताव के अनुमोदन हेतु अपेक्षित सहमति मानदंड को मूल्य के अनुसार पहले के 75 प्रतिशत के स्थान पर 60 प्रतिशत कर दिया गया। जेएलएफ द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव के अनुसार जो बैंक अल्पसंख्या में थे उनसे अपेक्षित था कि या तो निर्धारित समय के भीतर प्रतिस्थापन नियमों का अनुसरण करते हुए निकल जाएँ या फिर जेएलएफ के निर्णय का पालन करें; अब ''क्रेम डाउन'' व्यावहारिक है। सहभागी बैंकों के लिए यह

अनिवार्य किया गया कि वे बिना कोई अतिरिक्त शर्त लगाते हुए जेएलएफ के निर्णयों को लागू करें। बैंकों के बोर्डों को यह भी सूचित किया गया कि वे जेएलएफ के निर्णयों को क्रियान्वित करें और मामला दुबारा उनके पास नहीं भिजवाएँ। ऋणदाताओं के बीच समन्वय संबंधी समस्याओं को कम करने के प्रयोजन से निर्धारित इन अनुदेशों में आईबीसी के कार्यक्षेत्र से बाहर रहते हुए दबावग्रस्त आस्तियों का निवारण करने का प्रयास किया गया,जिससे यह आशा बनती है कि ऋणदाताओं के बीच तेजी से निर्णय लिए जाएंगे।

निगरानी समिति

21. निगरानी समिति (ओसी) की भूमिका को प्रबल बनाने के प्रयोजन से रिज़र्व बैंक ने इस अध्यादेश की धारा 35 एबी के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ओसी को अपने तत्वाधान में लिया और इसकी सदस्यता को बढ़ाया ताकि आईबीसी से बाहर रहते हुए भी बैकों द्वारा अपनाई जा रही नवीनीकरण प्रक्रिया की समीक्षा की जा सके। ओसी के कानून सम्मत प्राधिकार को प्रबल बनाने के लिए यह जरुरी भी है,ताकि प्रक्रियाओं की समीक्षा हो सके और ऋणदाताओं को अपेक्षित सहजता प्रदान की जा सके,खासकर सरकारी क्षेत्र के बैकों को, जिससे कि नवीनीकरण के एक हिस्से के तौर पर बाजार द्वारा निर्धारित हेयरकट के साथ सहमति बनाएँ।

IV. राजकोषीय आयाम

22. निवारण के जिन सभी प्रयासों का हमने वर्णन किया है उनकी सफलता और विश्वसनीयता काफी महत्वपूर्ण रूप से इन लागतों को सहन करने के लिए सरकारी क्षेत्र के बैंकों के तुलनपत्रों की प्रबलता के समानुरूप रहेगी। यह बात साफ़ है कि आईबीसी के दायरे में रहते हुए या इससे बाहर किसी भी निवारण योजना पर सहमति देने पर सरकारी क्षेत्र के बैंकों को वर्तमान में फंसे अपने कर्जों पर हेयरकट तो लेने ही पडेंगे। इस वजह से और अन्य घटकों के लिए भी उच्चतर प्रावधानीकरण अपेक्षाओं के कारण बहुत से बैंकों की पूँजी की स्थिति प्रभावित होगी। इसके लिए सरकारी क्षेत्र के बैंकों को उच्चतर पुनर्पूंजीकरण की जरूरत पड़ेगी। सरकार और रिज़र्व बैंक के बीच उपायों का एक पैकेज बनाने के लेकर संवाद चल रहा है, ताकि सरकारी क्षेत्र के बैंकों को समयबद्ध रीति से अपेक्षित पूँजी जुटाने के लिए सक्षम किया जा सके। इन उपायों में बाजार से पूँजी जुटाना; सरकारी धारिताओं को कम करना; सरकार द्वारा अतिरिक्त पूँजी दिया जाना; रणनीतिगत फिट पर आधारित समामेलन; गैर-महत्वपूर्ण आस्तियों की बिक्री;आदि शामिल किए जा सकते हैं।

V. निष्कर्ष और आगामी पथ

23. अभी जिस बहुआयामी दृष्टिकोण की रूपरेखा बताई गई है, वह एक सतत प्रक्रिया है। आरंभिक संकेत काफी उत्साहजनक हैं। हालांकि हम सभी को यह समझना ही होगा कि अभिप्रेत उद्देश्यों को पूरी तरह से प्राप्त करने से पहले यह एक लम्बी खींचतान है। आरंभ में कुछ अड़चने और बहुत से अनुत्तरित प्रश्न हो सकते हैं, लेकिन प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ-साथ इनका भी निवारण हो जाएगा। आईबीसी की प्रक्रिया स्वयं ही विकसित होती जाएगी क्योंकि राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण/ राष्ट्रीय कम्पनी विधि अपीलीय अधिकरण के निर्णय भी सामने आ चुके होंगे।

24. अन्य गैर-निष्पादक खातों के लिए अपनाई जानेवाली क्रियाविधि की रचना की जा रही है। हालांकि हमें अवश्य यह जोर देना चाहिए कि धारा 35 एए और 35 एबी के तहत प्रदत्त शक्तियों का रिज़र्व बैंक द्वारा प्रयोग किया जाना नियमित,सुस्थिर स्थिति का दृष्टिकोण नहीं हो सकता है। ऋणदाताओं को आईबीसी के तहत पर्याप्त शक्तियाँ दी गई हैं कि चूक होने पर वे आवश्यक कार्रवाई करें। अब यह सभी ऋणदाताओं का दायित्व है कि वे अपनी तरफ से पूर्व सक्रियता दिखाते हुए,आईबीसी के तहत सामयिक रूप से मामले भेजें और इन शक्तियों का प्रभावी प्रयोग करें।

25. यहाँ तक कि आईबीसी के तहत भी क्रेडिटर्स समिति पर भी भारी जिम्मेदारी डाली गई है कि स्वीकार्य समय सीमा के भीतर प्रत्येक स्वीकृत मामले में व्यावहारिक नवीनीकरण योजना के लिए सहमति दी जाए। क्रेडिटर,खासकर बैंकों के लिए जरूरी होगा कि इन मामलों पर फोकस करने के लिए पर्याप्त मात्रा में संसाधन लगाएं और आंतरिक प्रक्रियाओं को मजबूत बनाएँ क्योंकि मामलों की संख्या बढ़ने वाली है।

26. सारांश तौर पर सरकार और नियामकों की भावना और निवारण पर मैं फिर से जोर देना चाहूँगा कि वे प्रणाली में दबावग्रस्त आस्तियों की समस्या पर एकजुट होकर ध्यान दे रहे हैं। इससे होनेवाली व्यथा और खर्च तो हमें उठाने ही होंगे लेकिन यदि हमारा ध्येय वांछित लक्ष्य को प्राप्त करना है तो यह उचित ही होगा, ताकि निजी अर्थव्यवस्था को संरचनागत रूप से सुस्थिर संवृद्धि के मार्ग पर लाया जा सके।

*कृषि ऋण पर माफी पर सेमिनार - प्रभावशीलता और सीमाएँ - आरंभिक व्याख्यान**

उर्जित आर. पटेल

देवियों और सज्जनों

भारतीय रिज़र्व बैंक की तरफ से मैं आप सभी का स्वागत करता हूँ और इस सेमिनार में आने के लिए हमारे निमंत्रण को स्वीकार करने हेतु धन्यवाद देता हूँ।

1. हाल ही की अवधि में कृषि ऋण माफी ने कृषक समुदाय, नीति निर्माताओं, अकेडेमिक्स, विश्लेषकों और शोधकर्ताओं का काफी ध्यान आकर्षित किया है। एक तरफ तो समस्याओं के पहाड़ हैं जिन्होंने हमारे किसानों के आक्रोश को बढ़ाया है। इस संदर्भ में कृषि ऋण माफी से यह जरूरत सामने आई है कि भारतीय कृषि को प्रभावित करनेवाली संरचनागत खामी के लिए स्थायी समाधान तैयार किया जाए। दूसरी तरफ, समष्टि आर्थिक और वित्तीय निहितार्थों के बारे में चिन्ताएँ हैं कि अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने के लिए ये कब तक बनी रहेंगी, सरकारी नितियों का सामना करते हुए कितना संभावित व्यवधान करेंगी और अन्ततः वित्तीय बोझ को कितना बढ़ाएंगी।

2. अब मैं इस परिचर्चा के दोनों ही पक्षों पर सारभूत रूप से कुछ कहने का प्रयास करता हूँ। भारत कि कृषि अर्थव्यवस्था का जीडीपी में लगभग 15 प्रतिशत योगदान है, यह हमारे 11 प्रतिशत निर्यातों का स्रोत है और लगभग भारत की आधी-आबादी के जीवनयापन का सहारा है। समष्टि आर्थिक परिप्रेक्ष्य में अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों के सापेक्षतया इस क्षेत्र का महत्व कृषि और सम्बद्ध क्रियाकलापों के वित्तपोषण हेतु बैंक क्रेडिट के उल्लेखनीय प्रवाह से भी प्रकट होता है। कृषि और सम्बद्ध क्रियाकलापों से 2000-01 में होनेवाली जीडीपी में कृषि और सम्बद्ध क्रियाकलापों को बैंक अग्रिमों का बकाया लगभग 13 प्रतिशत से बढ़कर 2016-17 में लगभग 53 प्रतिशत हो गया (चार्ट I)। वास्तविक आधार पर देखें (जीडीपी अवस्फीति से आकलित स्फीति हेतु समायोजित), तो कृषि और सम्बद्ध क्रियाकलापों को दिए जाने वाले बैंक क्रेडिट की बढ़ोतरी 1990 के दशक के 2.6 प्रतिशत से बढ़कर 2000-01 से 2016-17 के दौरान 15.4 प्रतिशत पर आ गई।

चार्ट 1: कृषि और सम्बद्ध क्रियाकलापों से जीडीपी के अनुपात के रूप में कृषि और सम्बद्ध क्रियाकलापों के लिए दिए गए अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के अग्रिमों का बकाया



नोट: 1. सन 2013-14 से ही ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि और नाबार्ड के पास अन्य बकाया डिपाजिटों को कृषि और सम्बद्ध क्रियाकलापों के लिए क्रेडिट का एक हिस्सा माना गया है।
2. कृषि जीडीपी का आशय है कृषि और सम्बद्ध क्रियाकलापों से वर्तमान कीमतों पर घटक लागत पर मिलने वाली जीडीपी। सन 2011-12 से कृषि से जीडीपी का आशय है कृषि और सम्बद्ध क्रियाकलापों (मूल कीमत) से वर्तमान कीमतों पर सकल मूल्यवर्धित जीडीपी।

स्रोत: भारतीय रिज़र्व बैंक

* भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 31 अगस्त 2017 को मुंबई में कृषि ऋण पर माफी - प्रभावशीलता और सीमाएं पर आयोजित सेमिनार में डॉ उर्जित आर. पटेल,गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक।

चार्ट 2: प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को कुल अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में कृषि और उससे संबंधित क्रियाकलापों का बकाया अग्रिम



स्रोत: भारतीय रिज़र्व बैंक

3. इस क्रेडिट प्रवाह का काफी भाग कृषि हेतु क्रेडिट, खासकर प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण देने के विनिदेशों के माध्यम से, बढ़ाने पर नीतिगत जोर से संचालित सरकारी क्षेत्र के बैंकों और निजी क्षेत्र के बैकों से अपेक्षित है कि समायोजित निवल बैंक क्रेडिट का 18 प्रतिशत अथवा तुलनपत्र से इतर एक्सपोजरों की समतुल्य रकम में से जो भी ज्यादा हो, वह रकम कृषि क्षेत्र को प्रदान करें। इस निर्धारण के तहत 8 प्रतिशत रकम लघु और सीमांत कृषकों के लिए तय की गई है। यहाँ तक कि 20 और इससे अधिक शाखाओं वाले विदेशी बैंकों को भी 1 अप्रैल 2013 से आरंभ होकर 21 मार्च 2018 को समाप्त होने वाली अवधि में, अधिकतम पाँच वर्ष के दौरान इस लक्ष्य को प्राप्त करना होगा। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिए गए कुल अग्रिमों में कृषि और उससे संबंधित क्रियाकलापों को दिए गए अग्रिमों का हिस्सा 2000-01 में 32.5 प्रतिशत था जो 2016-17 में बढ़कर 43.2 प्रतिशत हो गया है(चार्ट 2)। इस प्रकार, बिना किसी अतिशयोक्ति कि यह कहना सुरक्षित होगा कि कृषि को जाने वाला वित्तीय प्रवाह काफी उदार रहा है।

4. व्यापार की प्रतिकूल स्थितियों और फसल उपजों की लाभप्रदता, सुधार के प्रयोजन से कृषि के लिए बाधक निष्क्रिय संस्थागत संरचना से प्रतिपूर्ति के लिए सरकार ने भी विभिन्न उपाय किए हैं। ब्याज रियायत स्कीम कई दशकों से चल रही है जिसके तहत बैंकों और सहकारी संस्थाओं द्वारा किसानों को तीन लाख रुपये तक का फसली ऋण 7 प्रतिशत की रियायती दर पर दिया जाता है। समय पर चुकौती करने पर 3 प्रतिशत की अतिरिक्त रियायत भी दी जाती है। इस स्कीम में अन्य लाभों को भी रखा गया है जिनमें मान्यता प्राप्त गोदामों में माल रखने के लिए प्रतिदेय मालगोदाम रसीदों (NWR) के बदले में छह माह तक के लिए फसल-कटाई के उपरांत ऋण और किसान क्रेडिट कार्ड रखने वाले छोटे और सीमांत कृषकों को 7 प्रतिशत की रियायती दर पर कर्ज दिए जाते हैं, ताकि वे औने-पौने दामों में उपज की बिक्री नहीं करें। वर्ष 2017-18 के दौरान केन्द्र सरकार ने एक वर्ष की अवधि के लिए अलपावधि फसली ऋणों की शीघ्र चुकौती करने वाले सभी किसानों को 5 प्रतिशत वार्षिक को दर से ब्याज रियायत दी है। इस प्रकार बहुत से किसानों को इन संस्थानों से लिए गए ऋणों पर असल में केवल 4 प्रतिशत ब्याज ही देना पड़ेगा। यदि किसान समय पर फसली ऋणों की चुकौती नहीं करते हैं तो भी वे 2 प्रतिशत की ब्याज रियायत के पात्र होंगे। सरकार ने 14 जून 2017 को वर्ष 2017-18 हेतु इस प्रयोजन के लिए 20,339 करोड़ रुपये की रकम निर्धारित की है जबकि केन्द्रीय बजट में मूल रूप से 15,000 करोड़ रुपये का प्रावधान ही किया गया था (तालिका1)। सन 2016-17 के दौरान उधार दिए गए अल्पावधि फसली ऋणों की मात्रा 6,22,685 करोड़ रुपये रही जो 6,15,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य से काफी आगे है।

सारणी 1: किसानों को अल्पावधि ऋण प्रदान करने के लिए ब्याज रियायत

(₹ करोड में)

वर्ष	रियायत की रकम
2009-10	2,011
2010-11	3,531
2011-12	3,283
2012-13	5,400
2013-14	6,000
2014-15	6,000
2015-16	13,000
2016-17 (आरई)	13,619
2017-18 (बीई)	20,339* (15,000)

* सरकार ने वर्ष 2017-18 के लिए 14 जून 2017 को इस प्रयोजन के लिए 20,339 करोड रुपये की रकम निर्धारित की जबकि 2017-18 के लिए बजट अनुमानों में 15,000 करोड़ रुपए ही बताए गए थे ।

नोट: इस स्कीम के तहत नाबार्ड, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों,सहकारी बैंको,सरकारी क्षेत्र के बैंकों और अनुसूचित निजी क्षेत्र के बैंकों को ब्याज रियायत दी जाती है ताकि वे रियायती ब्याज दरों पर किसानों को अल्पावधि ऋण दे सकें।

स्रोत: यूनियन बजट, भारत सरकार।

5. इससे पहले 2014-15 के यूनियन बजट में एक स्कीम थी, जिसके तहत " भूमिहीन किसानों " के पाँच लाख संयुक्त देयता समूहों को नाबार्ड के माध्यम से वित्त प्रदान किया जाना था, ताकि भूमिहीन काश्तकारों, ज़बानी पट्टेदारों या बटाईदारों और छोटे/सीमांत किसानों के साथ-साथ कृषि करने वाले अन्य गरीबों को कृषिगत क्रियाकलापों और गैर-कृषिगत क्रियाकलापों तथा खेतों से इतर क्रियाकलापों के लिए क्रेडिट के प्रवाह को बढ़ाया जा सके। बैंक क्रेडिट प्रवाहों को कृषि की तरफ मोड़ने और रियायतों के रक्षाकवच को देखते हुए यह सवाल उठता है: क्या हम अन्य नीतिगत हस्तक्षेपों के लिए क्रेडिट में रियायत दे रहे हैं? वस्तुत: यह मुद्दा कृषि हेतु उधार देने की ब्याज दरों में रियायत की जरूरतों पर फिर से ध्यान देने के लिए मौद्रिक नीति फ्रेमवर्क को संशोधित और प्रबल बनाने के लिए रिज़र्व बैंक की विशेषज्ञ समिति ने 2014 में उठाया था।

6. अनुदानित और निर्देशित क्रेडिट प्रवाहों की उल्लेखनीय मात्रा के साथ-साथ विभिन्न राजकोषीय प्रोत्साहनों के बावजूद भारतीय कृषि ऐसी विकृतियों से घिरी है जिसकी जड़े बहुत गहरी हैं, जो इसे उच्च आघातों के प्रति कमजोर बनाती हैं। कम निवेश, सिंचाई के पुराने तरीके, मानसून पर निर्भरता, कृषि जोतों का बिखरा हुआ स्वरूप और तकनीक का निम्न स्तर इसकी शाश्वत विशेषताएँ हैं। सम्पति के अधिकारों का अभाव और किसानों की कम निवल मालियत इन बाधाओं को बढ़ा देते हैं। परिणाम यह है कि उपज और कीमतों में व्यापक परिवर्तन समान्य सी बात है, जो किसानों पर बड़ी हानियों का बोझ डालता है और वे ऋणग्रस्तता के चक्र में कैद हो जाते हैं, और यह घटना बारबार होती रहती है। इसलिए उद्धार के सदाचारी चक्र के तत्वों को समाहित करने के समन्वित और पोषक प्रयासों के अभाव में आवधिक रूप से ऋण माफी का उपाय किसानों की व्यथा को कम करने के फौरी उपाय के तौर पर सामने आया है।

7. भारत के कृषि ऋण माफी का संक्षिप्त इतिहास बताना समीचीन होगा। कृषि ऋण माफी की देशव्यापी योजना सबसे पहले 1990 में आई थी और उससे रष्ट्रीय कोष पर लगभग 10,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ा था, जीडीपी अवस्फीति कारकों का प्रयोग करते हुए देखें तो आज की कीमतों पर वह रकम 50,557 करोड़ रुपये बनती है। दूसरी प्रमुख ऋण माफी - कृषि ऋण माफी और ऋण राहत स्कीम के नाम से 2008 में आई जिसमें 52,000 करोड़ रुपये (जीडीपी का 0.9 प्रतिशत) की माफी दी गई, जीडीपी अवस्फीति कारक का प्रयोग करते हुए वर्तमान कीमतों पर यह रकम 81,264 करोड़ रुपये होती है। सन 1990 की स्कीम में ऋण की एक निश्चित रकम तक सभी किसानों को सामूहिक राहत दी गई थी, जबकि सन 2008 की स्कीम में किसानों के कतिपय वर्गों को कर्ज माफी दी गई[1]। सन 2014 में आन्ध्र प्रदेश और तेलंगाना ने क्रमश: 24,000 करोड़ रुपये और 17,000 करोड़ रुपये की ऋण माफी घोषित की। सन 2016 में तमिलनाडु से शुरु हुआ तो 2017 में इसका डोमिनो प्रभाव विभिन्न राज्यों में दिखाई दिया और घोषित ऋण माफियों की कुल रकम लगभग 1,30,000 करोड़ रुपये (जीडीपी का 0.8 प्रतिशत) बनती है। मुझे भरोसा है कि आज की चर्चा में प्रत्येक स्कीम की विशेषता बताने वाले विवरणों को उठाया जाएगा। अब मैं आगे बढ़ता हूँ।

8. कृषि ऋण माफी के पक्ष और विपक्ष में व्यापक चर्चा हो चुकी हैं और इस विषय पर काफी कुछ लिखा जा चुका है। कृषक परिवारों पर कर्ज के भारी बोझ को दूर करने के रूप में इसके लाभप्रद प्रभावों के साथ-साथ लाभभोगियों के गलत

[1] सन 2008 की स्कीम में किसानों के वर्गानुसार माफी दी गई जिसमें लघु और सीमांत कृषकों (अर्थात् एक से दो हेक्टेयर तक की जोत रखने वाले कृषक) को बकाया ऋण में पूरी-पूरी ऋण माफी मिली, जबकि अन्य कृषकों को एक बारगी निपटान देते हुए - शेष 75 प्रतिशत का भुगतान करने पर 25 प्रतिशत की छूट- प्रदान की गई।

निर्धारण के रूप में इसके गलत प्रभावों और परिणामस्वरूप भेदभाव करते हुए जानबूझकर चूक करने वालों को प्रोत्साहन देने और क्रेडिट अनुशासन के क्षरण का भी उल्लेख किया गया है। मुझे खुशी है कि इन विचारधाराओं के उद्भव का संचालन करने वाले कई दिग्गज भी आज यहाँ मौजूद हैं। अविज्ञतापूर्ण मूल्यांकन करने के स्थान पर इस विषय के आस-पास संगुंफित विभिन्न समस्याओं के बारे में मैं व्यक्तिगत तौर पर यहाँ मौजूद विशेषज्ञों के मार्गदर्शन की अपेक्षा करता हूँ।

9. अब मैं इस चर्चा के दूसरे पक्ष पर आता हूँ -समष्टि आर्थिक स्थितियों और नीतियों के लिए इसके निहितार्थ। किसी भी ऋण माफी का पहला प्रभाव ऋण देने वाली संस्थाओं के तुलनपत्रों पर पड़ता है - चाहे वे औपचारिक हो अथवा अनौपचारिक। इसके प्रभाव और सरकार से क्षतिपूर्ति मिलने के बीच समय के अपरिहार्य अंतर में यह स्पष्ट दिखाई देता है। इस मध्यावधि के दौरान आस्तियों की गुणवत्ता का ह्रास होता है और इसे संभालने के लिए किए गए प्रावधानों के कारण नए ऋण बाधित हो जाते हैं। द्वितीय चक्र में ऋण माफी का प्रभाव बजटगत राजस्व व्यय से अधिक व्यय के रूप में लोक-वित्त की स्थिति पर ऋण माफी का प्रभाव पड़ता है। बदले में इसकी वित्त व्यवस्था बाजार से अतिरिक्त उधार लेकर की जाती है, जिससे केवल राज्यों के लिए ही नहीं अपितु पूरी अर्थव्यवस्था के लिए ब्याज दरें बढ़ जाती हैं। इसके साथ-साथ एक और नुकसान भी होता है कि निजी उधारकर्ता निवेश योग्य संसाधनों के परिमित पूल में से बाहर कर दिए जाते हैं, क्योंकि उधारों की लागत बढ़ जाती है। भले ही इस ऋण माफी को बजटगत प्रावधानों के भीतर ही समाहित कर लिया जाए तथापि यह व्यय के अन्य शीर्षों में बलपूर्वक कटौती कराती है। अनुभव से ज्ञात हुआ है कि सबसे ज्यादा सुभेद्य वर्ग है पूंजीगत व्यय, बदले में यह व्यय की गुणवत्ता को कम करेगा और अन्य बातों के साथ-साथ उत्पादकता के लिए प्रतिकूल प्रभावों की अगुआई करेगा क्योंकि इस क्षेत्र के लिए भी आस्तियों का निर्माण करने वाले निवेश उदाहरणार्थ - सिंचाई निर्माण कार्य, कोल्ड-स्टोरेज शृंखला, आदि - दब जाते हैं। यदि पूँजी/अवसंरचनागत दबाव बाध्यकारी हो जाती हैं, तो इस व्यय से लाभान्वित हो सकने वाले इस क्षेत्र के लिए पूँजीगत व्यय में कमी आती है और यह व्यय स्फीतिकारी हो सकता है, क्योंकि विलम्ब के कारण समय के मूल्य/अवसर लागत और सामग्री की क्षति सहित सभी लागतें बढ़ जाती हैं क्योंकि क्षमता पर पड़नेवाले दबाव अधिक प्रखर और सहवर्ती संकुलन प्रभार बढ़ जाते हैं। दूसरी तरफ यदि बजटगत प्रावधानों का उल्लंघन हो तो उच्चतर व्यय और राजकोषीय घाटे में बढ़ोतरी से, जैसा कि अनुभवों से भी ज्ञात हुआ है, स्फीतिकारी परिणाम होते हैं और संभावित दुष्प्रभावों से बाह्य व्यवहार्यता भी दब जाती है (दोहरा घाटा संबंधी तर्क)। यह भी कि अनुसंधानों से संकेत मिलते हैं कि कल्याणकारी प्रभावों में प्रतिकूलता आती है क्योंकि अंततोगत्वा ऋण माफी में संसाधनों का अंतरण करदाताओं से उधारकर्ताओं की तरफ होना निहित रहता है।

10. आप इन आरंभिक टिप्पणियों में ध्यान दे चुके होंगे कि ऋण माफी ने पर्याप्त आवेग और ध्रुवीकृत अभिमतों को भड़काया है। यद्यपि फसली चक्रों में प्रत्येक व्यवधान के साथ कृषकों के सामने जो विपत्तियाँ आती हैं उनसे दूर भागने का कोई कारण नहीं बनता तथापि यह महत्वपूर्ण है कि उन बाह्य समस्याओं पर भी गौर किया जाए जो कृषि क्षेत्र के बाहर भी प्रभाव डालती हैं। आखिरकार अन्य आर्थिक एजेन्ट और अर्थव्यवस्था के अन्य हिस्से भी प्रभावित होते हैं। इन प्रभावों को किस प्रकार से न्यूनतम किया जाए? हम करदाताओं पर पड़ने वाले बोझ को किस प्रकार अलग करें? नीतिगत परिप्रेक्ष्य में देखें तो ऋण राहत के रूप में प्रशामक उपायों से दूर हटने के लिए क्या करने की जरूरत है ताकि अधिक बुनियादी समाधान मिले जो सम्यक कल्याण को बढ़ावा देते हो? इस आशावादी दृष्टिकोण के बहुत से तत्व भली प्रकार से ज्ञात हैं - फसल बीमा, अवसंरचना, सिंचाई, प्रौद्योगिकी -समर्थ उपज सुधार और कृषि अर्थव्यवस्था को बाजार की ताकतों और खुले व्यापार के लिए मुक्त करना। ई-नाम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, परम्परागत कृषि विकास योजना के माध्यम से कृषि उपज के लिए राष्ट्रव्यापी बाजार स्थापित करने और सभी को वित्तीय समावेशन में लाने के लिए राष्ट्रीय अभियान के रूप में सरकार के प्रयास इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इन प्रयासों की सफलता समय के साथ-साथ किसानों की आय को दो गुना करने के हमारे मिशन को प्राप्त करने की संभावना में छिपी हुई है। जरूरत है कि हम यह सुनिश्चित करें कि इनके लाभ सभी अभीष्ट प्राप्तकर्ताओं तक प्रसारित हों।

11. बाकी बचे दिन में आपके दिलों-दिमाग को जो उत्कृष्ट विचार-विमर्श अपने आगोश में लिए रहेंगे मैं उनके प्रति कोई पूर्वग्रह अथवा उन पर कोई प्रभाव डालने से बचूंगा। मुझे विश्वास है कि इस समस्त गहमा-गहमी के बीच इस सेमिनार से कृषि ऋण माफी पर बहुआयामी संभाषणों को समक्ष आने का मौका मिलेगा। इसलिए मैं अपनी बात यही समाप्त करता हूँ और आपके विचार-विमर्श की सफलता हेतु कामना करता हूँ।

लेख

चुनिंदा आर्थिक टाइम सीरीज़ के मासिक मौसमी कारक, 2016-17

निजी कॉर्पोरेट निवेश : वर्ष 2016-17 के दौरान हुई वृद्धि और 2017-18 के लिए संभावनाएं

चुनिंदा आर्थिक टाइम सीरीज़ के मासिक मौसमी कारक, 2016-17*

इस आलेख में 76 समष्टिआर्थिक वेरिअबल्स के मासिक मौसमी कारकों को प्रस्तुत किया गया है, जिसमें पांच बड़े क्षेत्र (नामतः मुद्रा और बैंकिंग, कीमत, औद्योगिक उत्पादन, पण्य व्यापार एवं सेवाएं) शामिल हैं। औद्योगिक संकेतक, मौद्रिक/ बैंकिंग एवं सेवा क्षेत्र के संकेतकों ने मार्च माह में मौसमी शिखर को प्राप्त किया, जबकि अधिकांश कीमत संबंधी संकेतकों में मार्च-मई के दौरान मौसमी गर्त पाया गया। मौद्रिक और बैंकिंग की कुल राशियों में विमुद्रीकरण की वजह से तथा थोकमूल्य एवं औद्योगिक उत्पादन सूचकांकों में आधार वर्ष में संशोधन की वजह से जो संरचनागत बाधाएं सामने आईं उसके लिए उचित उपाय किया गया है ताकि मौसमी कारक प्राप्त किए जा सके।

समष्टिआर्थिक वेरिअबल्स में मौसमी परिवर्तन हेतु जो समायोजन (अर्थात, वेरिअबल्स में मौसमी प्रभाव को हटाना) किया गया है, उससे अंतर्निहित क्रमिक बदलावों का सही अध्ययन करने और आपसी संबंध को समझने में मदद मलती है। तदनुसार, मौसमी कारक, जो मौसमीपन का मात्रात्मक माप देता है, को भारतीय रिज़र्व बैंक के बुलेटिन में वर्ष 1980 से वार्षिक आलेख के रूप में प्रकाशित किया जाता है[1]।

2. कार्यक्षेत्र और कार्य-पद्धति

इस आलेख में प्रस्तुत चुनिंदा 76 मासिक समष्टिआर्थिक वेरिअबल्स के मौसमी कारकों को पांच श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जो इस प्रकार हैं: (i) मौद्रिक और बैंकिंग संकेतक (14 सीरीज़); (ii) मूल्य सूचकांक [उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई): 21 सीरीज़; एवं थोकमूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई): 9 सीरीज़]; (iii) औद्योगिक उत्पादन (23 सीरीज़); (iv) सेवा क्षेत्र संकेतक (6 सीरीज़); और (v) पण्य व्यापार (3 सीरीज़)। कुछ संकेतकों के मामले में, कार्य क्षेत्र में काफी बदलाव आया है, जिसकी वजह है (ए) सीपीआई-संयुक्त की शुरुआत करना (आधार: 2012=100); (बी) औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संशोधित सीरीज़ को रिलीज करना (आधार: 2011-12=100); एवं (सी) संशोधित डब्ल्यूपीआई सीरीज़ को रिलीज करना। इसके साथ ही, 08 नवंबर 2016 को विनिर्दिष्ट बैंक नोटों (एसबीएन) को परिचालन से वापस लेने के संबंध में की गई घोषणा और उसके बाद पुनर्मुद्रीकरण की वजह से मौद्रिक और बैंकिंग कुल राशियों में बड़ा बदलाव पाया गया (कृपया संरचनागत बाधाओं के संदर्भ में कार्य-पद्धति संबंधी मामलों के लिए अनुबंध देखें)।

अधिकांश संकेतक, मासिक डाटा के एक लंबे इतिहास से जुड़े हैं एवं इसलिए मौसमी कारकों को प्राप्त करने के लिए पिछले 12 वर्षों के डाटा का उपयोग किया गया है। हालांकि, *सीपीआई-संयुक्त* एवं उसके घटकों के मामले में डाटा सिर्फ जनवरी 2011 से उपलब्ध हैं। मौसमी कारकों का आकलन करने के लिए X-13-ARIMA सॉफ्टवेयर, जिसे यूएस सेन्सस ब्यूरो[2] ने तैयार किया है, का उपयोग किया गया, जिसके लिए पैकेज को भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल बनाया गया, अर्थात दिवाली को सम्मिलित करते हुए। पैकेज को इस प्रकार तैयार किया गया है कि उसमें भारतीय ट्रेडिंग डे प्रभाव[3] को शामिल किया जा सके।

3. प्रमुख निष्कर्ष

मौद्रिक और बैंकिंग संकेतक: जिन 14 बड़े मौद्रिक और बैंकिंग संकेतकों पर सोच-विचार किया गया, उनमें से 11 ने मार्च-अप्रैल के दौरान मौसमी शिखर दर्ज किया, जबकि अगस्त-दिसंबर के दौरान अधिकांश सीरीज़ में मौसमी गर्त के लक्षण पाए गए (चार्ट 1)। अधिसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की मांग जमाओं में सर्वाधिक मौसमी परिवर्तन [औसत मौसमी कारक(एसएफ) रेंज:9.3] दिखा, जिसके बाद क्रमशः रिज़र्व मुद्रा या एम$_0$ (औसत एसएफ रेंज:6.4), हाथ में नकदी एवं आरबीआई के पास एससीबी की शेष राशियां (औसत एसएफ रेंज:6.2) आते हैं। एससीबी की मीयादी जमाओं में न्यूनतम मौसमी परिवर्तन दिखा (औसत एसएफ रेंज:1.7)। इन अधिकांश

---

* सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग के मॉडलिंग और पूर्वानुमान प्रभाग द्वारा तैयार किया गया है।

[1] इस सीरीज़ का पिछला आलेख भारतीय रिज़र्व बैंक के सितंबर 2016 के बुलेटिन में प्रकाशित किया गया था।

[2] http://www.census.gov/srd/www/x13as/

[3] ट्रेडिंग-डे प्रभाव की स्थिति तब पैदा होती है जब किसी सीरीज़ पर भिन्न-भिन्न वर्षों में उसी कैलेन्डर माह के भिन्न सप्ताह के दिन की संरचना का प्रभाव पड़ता है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में, एक सप्ताह में छह कार्य दिवस माना जाता है।

चार्ट 1: मौद्रिक और बैंकिंग संकेतकों के मौसमी शिखर एवं गर्त

सीरीज़ के मामले में, मौसमी परिवर्तन में पिछले 10 वर्षों में काफी संतुलन दिखा। (सारणी 2)।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई): समग्र सीपीआई सीरीज़ [सीपीआई-संयुक्त, औद्योगिक मज़दूरों के लिए सीपीआई (सीपीआई-आईडब्ल्यू), कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई (सीपीआई-एएल) और ग्रामीण श्रमिकों के लिए सीपीआई (सीपीआई-आरएल)] के औसत मौसमी कारक का रेंज 2.1-2.5 था। अधिकांश सीपीआई सीरीज़ में सितंबर-दिसंबर में मौसमी शिखर दर्ज हुआ जबकि 18 सीपीआई-संयुक्त सीरीज़ में से 13 में मार्च-मई के दौरान मौसमी गर्त दिखा। जहां तक सब्जी की कीमतों और हेडलाइन सीपीआई का सवाल है, भंडारण की अवधि, मौसमीपन का मुख्य निर्धारक तत्व बना रहा। सीपीआई-सब्जियों में सर्वाधिक मौसमी परिवर्तन दिखा (छह-वर्ष औसत एसएफ रेंज: 22.5)। सब्जियों में, टमाटर, प्याज एवं आलू का औसत एसएफ रेंज क्रमशः 63.1, 49.2 एवं 37.5 दर्ज हुआ। दाल एवं उत्पादों का औसत एसएफ रेंज पांच-वर्ष के 3.7 औसत से काफी बढ़कर 5.5 हो गया। मौसमी परिवर्तन का ऐल्कहॉल-रहित पेय पदार्थों की कीमतों में कोई प्रभाव नहीं पड़ा (औसत एसएफ रेंज:0.3)।

चार्ट 2: सीपीआई सीरीज़ के मौसमी शिखर एवं गर्त



चार्ट 3: डब्ल्यूपीआई सीरीज़ के मौसमी शिखर एवं गर्त



थोकमूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई): डब्ल्यूपीआई-सभी वस्तुओं में मौसमी परिवर्तन मुख्यतः प्राथमिक सामग्रियों में पाया गया, वह भी विशेषतः खाद्य सामग्रियों में और इस प्रकार 2011-12 से डब्ल्यूपीआई-सभी वस्तुओं का एसएफ रेंज बढ़ रहा है। डब्ल्यूपीआई - विनिर्मित वस्तुओं का एसएफ रेंज और घटकर 0.9 रह गया जो एक दशक पहले 1.5 था। आम तौर पर डब्ल्यूपीआई - ईंधन और ऊर्जा जुलाई माह में शिखर पर रहता है।

औद्योगिक उत्पादन: औद्योगिक उत्पादन अत्यधिक मौसमी है जो मार्च में शिखर पर पहुंचता है और फरवरी[4] या अप्रैल में गर्त में चला जाता है (चार्ट 4)। आईआईपी के अंतर्गत, क्षेत्रगत एवं उपयोग-आधारित समूहों का औसत एसएफ रेंज 10.2-38.0 था, जिसमें पूंजीगत माल और अर्धनिर्मित माल में क्रमशः सर्वाधिक एवं न्यूनतम मौसमीपन दिखा। कोर उद्योगों में, कोयला, सीमेंट एवं इस्पात का उत्पादन अत्यधिक मौसमी रहा।

सेवा क्षेत्र संकेतक: मार्च में छह सेवा क्षेत्र संकेतकों में से चार मौसमी शिखर पर पहुंचा (चार्ट 5)। वाणिज्यिक मोटर वाहन का उत्पादन और बिक्री अत्यधिक मौसमी रहा, जो बाद में और अधिक स्पष्ट दिखाई दिया। इसके विपरीत, *बड़े पोतों में माल की लदाई-उतराई* एवं *रेल मालगाड़ी आवागमन*,

चार्ट 4: आईआईपी सीरीज़ के मौसमी शिखर एवं गर्त



[4] संयोग से, इस आलेख में जिस आउटपुट सीरीज़ के बारे में सोच-विचार किया गया है, उसमें से कोई भी फरवरी में मौसमी शिखर पर नहीं पहुंचा, क्योंकि इम माह में कार्य दिवस अपेक्षाकृत रूप से कम है।

चार्ट 5: सेवा संकेतकों के मौसमी शिखर एवं गर्त



दोनों मामले में मौसमीपन में कमी आई है। यात्री विमान आवागमन भी अत्यधिक मौसमी रहा, यद्यपि, देशी यात्री आवागमन के मामले में मौसमीपन में कमी आई है और वह अपने अंतरराष्ट्रीय प्रतिपक्षों से तुलनीय है। देशी और अंतरराष्ट्रीय यात्री आवागमन मई और जनवरी में क्रमशः छुट्टियां होने के कारण मौसमी शिखर पर पहुंचा।

पण्य व्यापार: पण्यों के निर्यात और आयात में मौसमी शिखर की स्थिति मार्च और अक्टूबर में भी क्रमशः बनी रही। हाल के वर्षों में बाह्य व्यापार संकेतकों का मौसमीपन बढ़ा (चार्ट 6 और सारणी 2)।

चार्ट 6: पण्य व्यापार में मौसमी परिवर्तन



* 12 वर्ष के दौरान एसएफ शिखर एवं एसएफ गर्त वैल्यू के बीच अंतर।

चार्ट 7: बदलते मौसमी परिवर्तन का स्वरूप



3.1 पिछले दशक में बदलता मौसमीपन स्वरूप

सांख्यिकीय आकलन आधारित परीक्षण[5] दर्शाता है कि 42 सीरीज़ के मामले में मौसमी परिवर्तन में गिरावट आई है जबकि 20 सीरीज़ के मौसमी घटकों में अस्थिरता बढ़ी है और शेष 14 सीरीज़ ने पिछले कुछ वर्षों में आम तौर पर वैसा ही बर्ताव बरकरार रखा है (चार्ट 7)। मौद्रिक और बैंकिंग एग्रिगेट्स में मौसमी परिवर्तन कम हुआ या मोटे तौर पर अपरिवर्तित रहा जबकि आईआईपी श्रेणियों में खनन, प्राथमिक माल, इन्फ्रास्ट्रक्चर/ निर्माण माल एवं बिजली के मामले में मौसमी परिवर्तन बढ़ा। सीपीआई मदों में, दालों और उत्पादों का मौसमीपन काफी बढ़ा।

3.2 मौसमी शिखर एवं गर्त माहों में बदलाव

वर्ष 2016-17 में, सभी 76 सीरीज़ में, मौसमी परिवर्तन मोटे तौर पर गत पांच वर्षों के औसत के करीब रहा (चार्ट 8)। चुनिंदा 76 सीरीज़ में से 46 के मामले में शिखर और गर्त के माह गत पांच वर्षों के औसत (2011-12 से 2015-16) की तुलना में 2016-17 में अपरिवर्तित रहे। शेष सीरीज़ के मामले में मौसमी शिखर/ गर्त में एक से दो माह का बदलाव पाया गया, जिनमें से पांच सीरीज़ (*नामतः*, संकीर्ण मुद्रा, मीयादी जमा, डब्ल्यूपीआई-विनिर्मित उत्पाद, सीपीआई-दूध एवं उत्पाद

चार्ट 8: मौसमी परिवर्तन का तुलनात्मक विश्लेषण



[5] मौसमी परिवर्तन का समय-समय पर सांख्यिकीय आकलन किया गया है और गुणांक के चिह्न के साथ अनुमानित टाइम गुणांक की सार्थकता की भी जांच की गई है। सांख्यिकीय आकलन के परिणाम (β-गुणांक और सार्थकता का स्तर) सारणी 5 में प्रस्तुत हैं।

चार्ट 9: बदलते मौसमी शिखर एवं गर्त माह के उदाहरण



तथा सीपीआई-विविध) के मामले में शिखर एवं गर्त के माहों में एकसाथ बदलाव दर्ज हुआ (चार्ट 9)। तीन पुराने-आधार वाले समग्र सीपीआई के शिखर/ गर्त के माह अपरिवर्तित रहे (*अर्थात,* सीपीआई-आईडब्ल्यू, सीपीआई-एएल एवं सीपीआई-आरएल)।

अनुबंध

मौसमी कारकों का आकलन एवं विचलनों (आउटलाइअर) का प्रशोधन - भारत में विमुद्रीकरण अनुभूति का अवलोकन

डाटा प्राप्त करने की प्रक्रिया (डीजीपी) में विचलन प्रायः बाधा प्रकट करता है और इस प्रकार मॉडल स्पेसिफिकेशन पर प्रभाव पड़ता है, जिससे मानदंड के आकलन में पक्षपात होता है। इसके परिणामस्वरूप, पूर्वानुमान में गलती हो सकती है (कैसर और मारवाल, 1999)। अमरीकी जनगणना ब्यूरो की X-13-ARIMA पद्धति का सामान्य रूप से उपयोग मौसमीपन का आकलन करने के लिए किया जाता है। इससे विचलनों का स्वतः पता लगता है और उसका ठीक तरह से प्रशोधन किया जा सकता है। पैकेज के विचलन स्पेसिफिकेशन से निम्नलिखित का पता चलता है: (ए) ऐडिटिव विचलन (एओ), जो सीरीज़ में मात्र एक विचार को प्रभावित करता है, (बी) अस्थायी परिवर्तन (टीसी) विचलन, जो टाइम सीरीज़ में कांटे माफिक शिखर से मिलता है जिसके कम होने में काफी समय लगता है एवं (सी) स्तर-परिवर्तन (एलएस) विचलन, जो विचारों को एक नया स्तर प्रदान करता है (अमरीकी जनगणना ब्यूरो, 2011;2017)।

हाल में परिचालन में मुद्रा (सीआईसी) एवं अन्य मौद्रिक और बैंकिंग कुल राशियों को जो नुकसान हुआ उससे डीजीपी में परिवर्तन हुआ है, जो X-13-ARIMA पैकेज के एलएस विचलन स्पेसिफिकेशन के अनुकूल है (*अर्थात,* संशोधित सीआईसी का विमुद्रीकरण पूर्व के स्तर से कम होना और कुल जमाराशियों का बढ़ना)। इसलिए, स्वचालित विचलन पहचान दृष्टिकोण के अंतर्गत X-13-ARIMA का उपयोग करते हुए मौद्रिक और बैंकिंग संकेतकों के मौसमीपन का विश्लेषण किया गया था। इसके अतिरिक्त, नवंबर 2016 के दौरान स्तर में परिवर्तन के साथ कोडड विचलन दृष्टिकोण (मैनुअल पहचान) का भी उपयोग किया गया क्योंकि X-13-ARIMA एलएस विचलन के रूप में नवंबर 2016 की पहचान करने में अक्षम था। कोडड विचलन, अपेक्षित चिह्न के साथ सांख्यिकीय

चार्ट 10: कुल जमाराशियों के संबंध में स्वचालित एवं कोडड विचलन पहचान पद्धति पर आधारित मौसमी कारकों की तुलना



तौर पर पर्याप्त पाया गया। इन सीरीज़ के अनुमानित मौसमी कारकों में इन दो दृष्टिकोणों (स्वचालित एवं कोडड) के अंतर्गत सीमांत रूप से अंतर पाए गए जिसमें मौसमी शिखर और गर्त को लेकर कोई हरकत नहीं पाई गई (चार्ट 10)।

संदर्भ:

कैसर, रेजिना एंड एग्स्टीन मारवाल (1999): *'सीसनल आउटलाइअर्स इन टाइम सीरीज़'*, डाक्यूमेन्टो दी ट्रेबजो न. 9915, बान्को दी एस्पन,

अमरीकी जनगणना ब्यूरो (2011): *'X-12-ARIMA रेफरेन्स मैनुअल'*, वर्शन 0.3

अमरीकी जनगणना ब्यूरो (2017): *'X-13-ARIMA-SEATS रेफरेन्स मैनुअल'*, वर्शन 0.1

सारणी 1: चुनिंदा आर्थिक टाइम सीरीज़ के औसत मासिक मौसमी कारक *(जारी)*

सीरीज़/माह	अप्रै	मई	जून	जुला	अग	सितं	अक्टू	नवं	दिसं	जन	फर	मार्च
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
ए.1.1 व्यापक मुद्रा (एम$_3$)	101.4	100.9	100.1	100.2	99.8	99.4	99.7	99.5	99.1	99.5	99.8	100.6
ए.1.1.1 सरकार को निवल बैंक ऋण	101.0	101.0	100.6	101.6	100.9	99.6	99.9	100.0	98.0	99.1	99.2	99.4
ए.1.1.2 वाणिज्यिक क्षेत्र को बैंक ऋण	100.9	100.1	100.0	99.3	98.9	99.4	99.5	99.3	99.7	100.2	100.5	102.1
ए.1.2 संकीर्ण मुद्रा (एम$_1$)	102.3	101.4	100.7	99.3	98.9	99.0	98.6	98.7	99.3	98.8	100.0	102.9
ए.1.3 आरक्षित मुद्रा (आरएम)	102.3	101.7	101.0	99.6	98.8	98.1	98.5	99.2	98.6	98.7	99.2	104.5
ए.1.3.1 संचलन में मुद्रा	102.8	103.2	101.8	99.4	98.6	97.6	98.3	98.9	99.1	99.6	100.2	100.5
ए.2.1 समग्र जमाराशियाँ (एससीबी)	101.0	100.4	99.6	100.4	100.0	99.8	100.2	99.7	99.3	99.5	99.6	100.6
ए.2.1.1 माँग जमाराशियाँ (एससीबी)	101.1	99.1	98.0	98.6	98.5	100.8	99.6	98.9	99.9	98.7	99.7	106.5
ए.2.1.2 सावधि जमाराशियाँ (एससीबी)	100.8	100.6	99.8	100.6	100.1	99.5	100.4	100.0	99.3	99.6	99.6	99.8
ए.3.1 हाथ में नकदी और रिज़र्व बैंक के पास जमा शेष (एससीबी)	101.8	99.3	100.3	101.2	100.6	101.1	99.8	101.1	100.0	97.4	98.4	99.4
ए.3.2 बैंक ऋण (एससीबी)	101.1	100.3	100.2	99.6	99.0	99.4	99.2	99.0	99.7	99.8	100.3	102.3
ए.3.2.1 ऋण, नकदी, जमा और ओवरड्राफ्ट (एससीबी)	100.5	100.1	100.3	99.1	98.8	100.5	99.2	99.0	99.6	99.7	100.1	103.1
ए.3.2.2 खाद्येतर ऋण (एससीबी)	101.2	100.1	100.0	99.6	99.0	99.5	99.3	99.0	99.7	99.8	100.2	102.4
ए.3.3 निवेश (एससीबी)	100.3	100.4	100.0	101.1	101.7	100.9	100.8	100.5	98.8	99.1	99.0	97.6
बी. सीपीआई (आधार: 2012=100) सभी पण्य	99.2	99.4	100.0	100.7	100.9	101.0	101.0	100.7	99.9	99.4	99.0	98.9
बी.1 सीपीआई - खाद्य एवं पेय पदार्थ	98.2	98.8	100.1	101.6	102.1	102.0	102.0	101.3	99.6	98.6	98.0	97.7
बी.1.1 सीपीआई - अनाज और उत्पाद	99.7	99.6	99.7	99.9	100.1	100.2	100.3	100.3	100.1	100.2	100.2	100.0
बी.1.2 सीपीआई - मांस और मछली	99.8	100.4	101.8	101.7	101.1	100.2	99.6	98.7	98.6	99.3	99.3	99.4
बी.1.3 सीपीआई - अंडे	96.7	96.5	98.2	99.9	99.0	99.0	99.3	101.7	103.6	104.1	102.1	99.5
बी.1.4 सीपीआई - दूध और उत्पाद	99.6	99.9	100.0	100.2	100.3	100.3	100.2	100.3	100.0	99.8	99.8	99.6
बी.1.5 सीपीआई - फल	102.6	102.8	102.9	103.5	102.3	98.8	98.9	98.5	97.4	97.1	97.0	98.3
बी.1.6 सीपीआई - सब्जियां	90.7	94.1	100.4	107.3	110.9	111.1	110.5	106.7	97.9	92.3	89.5	88.5
बी.1.6.1 सीपीआई - आलू	85.7	94.5	101.5	108.7	113.3	114.6	116.7	116.8	102.3	86.5	79.4	80.2
बी.1.6.2 सीपीआई - प्याज	78.9	77.3	82.9	95.4	117.3	126.5	125.0	120.1	104.9	96.7	90.9	82.8
बी.1.6.3 सीपीआई - टमाटर	80.5	92.7	110.8	136.6	117.8	109.2	109.2	118.8	93.4	80.8	73.6	76.4
बी.1.7 सीपीआई - दालें और उत्पाद	98.1	98.7	99.1	99.8	100.3	101.1	101.7	102.1	101.4	100.4	99.2	98.3
बी.1.8 सीपीआई - मसाले	99.2	99.3	99.6	100.0	100.3	100.5	100.5	100.5	100.5	100.2	99.9	99.5
बी.1.9 सीपीआई - मदिरा रहित पेय पदार्थ	99.9	100.0	100.1	100.0	100.1	100.1	100.1	100.1	100.0	100.0	99.9	99.8
बी.1.10 सीपीआई - तैयार भोजन, स्नैक्स, मिठाइयां आदि।	99.8	99.7	99.8	99.9	100.0	100.1	100.1	100.3	100.3	100.1	100.1	99.9
बी.2 सीपीआई - क्लोथिंग और फुटवेयर	99.9	99.8	99.8	99.8	99.9	100.0	100.1	100.2	100.3	100.2	100.1	100.0
बी.3 सीपीआई - आवास	100.2	100.1	99.3	99.5	100.0	100.0	100.2	100.3	99.6	100.2	100.3	100.2
बी.4 सीपीआई - विविध	99.6	99.8	99.9	100.2	100.2	100.3	100.3	100.2	100.0	99.9	99.8	99.7
सी.1 औद्योगिक कामगारों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार : 2001=100)	98.9	99.2	99.6	100.3	100.7	100.9	101.1	101.0	100.4	99.8	99.3	98.8
सी.2 कृषि श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार : 1986-87= 100)	99.3	99.3	99.7	100.8	100.8	100.7	101.0	100.8	99.9	99.6	99.1	98.8
सी.3 ग्रामीण श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार:1986-87 =100)	98.8	99.1	99.6	100.3	100.8	101.0	101.2	101.1	100.3	99.7	99.2	98.8
डी. डब्ल्यूपीआई (आधार : 2011-12=100) सभी पण्य	99.9	100.2	100.2	100.7	100.6	100.7	100.6	100.1	99.3	99.4	99.0	99.2
डी.1 डब्ल्यूपीआई - प्राथमिक वस्तुएँ	99.0	99.7	100.9	101.5	102.0	101.4	101.1	101.3	99.1	98.5	97.8	97.6
डी.1.1 डब्ल्यूपीआई - खाद्य पदार्थ	99.0	99.3	100.4	101.6	102.0	102.0	102.3	101.9	98.7	98.6	97.2	96.8
डी.2 डब्ल्यूपीआई - ईंधन और विद्युत	99.2	100.1	99.8	101.5	100.9	101.1	100.9	100.3	99.5	99.1	98.8	98.9
डी.3 डब्ल्यूपीआई - विनिर्मित उत्पाद	100.4	100.4	100.3	100.3	100.2	100.2	100.1	99.7	99.4	99.7	99.6	99.8
डी.3.1 डब्ल्यूपीआई - खाद्य उत्पादों का विनिर्माण	100.1	100.0	99.9	100.5	100.6	100.8	100.3	99.9	99.7	99.8	99.5	98.9
डी.3.2 डब्ल्यूपीआई - रसायन एवं रासायनिक उत्पादों का विनिर्माण	100.1	100.4	100.3	100.4	100.4	100.2	100.1	99.7	99.5	99.5	99.6	99.7
डी.3.3 डब्ल्यूपीआई - मूल मिश्र धातु एवं धातु उत्पादों का विनिर्माण	101.2	101.1	100.7	100.0	99.5	99.7	99.9	99.6	99.1	99.4	99.5	100.4
डी.3.4 डब्ल्यूपीआई - मशीनरी एवं यंत्र उपकरणों का विनिर्माण	100.3	100.3	100.3	100.0	99.9	100.0	99.9	99.9	99.8	99.7	99.9	100.1
ई.आईआईपी (आधार 2011-12=100) सामान्य सूचकांक	96.6	99.5	98.5	98.2	96.5	97.9	99.5	97.9	103.7	103.4	98.6	109.5
ई.1.1 आईआईपी - प्राथमिक माल	97.1	102.2	99.1	97.8	97.7	95.0	100.6	98.2	104.2	104.0	96.0	108.1

सारणी 1: चुनिंदा आर्थिक टाइम सीरीज़ के औसत मासिक मौसमी कारक *(समाप्त)*

सीरीज़/माह	अप्रै	मई	जून	जुला	अग	सितं	अक्टू	नवं	दिसं	जन	फर	मार्च
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
ई.1.2 आईआईपी - पूंजीगत माल	89.7	96.9	100.9	95.4	96.2	102.4	94.9	97.9	100.1	95.8	102.2	127.7
ई.1.3 आईआईपी - अर्धनिर्मित वस्तुएं	99.6	100.2	99.4	101.2	100.4	100.3	98.5	97.1	100.2	100.0	96.5	106.7
ई.1.4 आईआईपी - इन्फ्रास्ट्रक्चर/ निर्माण माल	99.9	105.1	101.8	101.5	97.7	97.0	97.2	92.3	99.8	103.6	97.9	106.0
ई.1.5 आईआईपी - उपभोक्ता माल	95.6	98.1	96.5	97.7	96.4	99.9	101.8	99.6	104.0	102.7	100.1	107.3
ई.1.5.1 आईआईपी - उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं	94.3	97.2	97.3	98.2	96.8	106.2	107.4	101.7	98.8	99.0	96.6	106.1
ई.1.5.2 आईआईपी - उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुएं	95.3	98.9	96.6	97.9	96.3	95.7	95.8	98.3	108.3	105.8	102.5	108.5
ई.2.1 आईआईपी - खनन	98.3	100.8	95.6	92.3	90.9	89.4	97.8	99.7	106.9	108.6	102.4	117.8
ई.2.2 आईआईपी - विनिर्माण	96.0	99.1	98.6	98.8	97.1	99.0	99.4	97.7	103.7	102.9	98.8	108.5
ई.2.2.1 आईआईपी - खाद्य उत्पादों का विनिर्माण	94.8	87.5	86.0	90.7	88.2	88.8	94.9	101.9	122.5	120.3	113.3	111.0
ई.2.2.2 आईआईपी - पेय पदार्थों का विनिर्माण	123.0	134.9	108.5	88.2	83.1	88.5	90.8	84.3	88.7	92.3	98.3	120.3
ई.2.2.3 आईआईपी - वस्त्रों का विनिर्माण	97.1	98.5	97.8	101.5	103.6	102.0	101.8	98.7	100.7	100.8	95.6	101.9
ई.2.2.4 आईआईपी - रसायन एवं रासायनिक उत्पादों का विनिर्माण	93.5	100.9	100.6	104.7	102.8	101.3	100.6	98.4	100.8	99.7	93.9	102.7
ई.2.2.5 आईआईपी - मोटर वाहन, ट्रेलर्स एवं सेमी-ट्रेलर्स	100.5	102.0	98.1	100.2	98.8	100.8	100.6	100.8	94.1	98.6	99.6	105.4
ई.2.3 आईआईपी- विद्युत	99.8	104.2	99.7	101.7	101.2	98.7	102.7	95.7	98.9	100.2	93.4	103.3
ई.3 सीमेंट उत्पादन	104.3	103.4	99.4	97.0	90.2	91.4	99.0	92.2	102.3	106.3	101.1	113.6
ई.4 इस्पात उत्पादन	98.4	103.9	98.5	100.3	99.2	96.8	99.2	95.3	100.5	104.1	97.9	105.3
ई.5 कोयला उत्पादन	91.3	93.5	89.0	83.8	83.0	82.3	97.3	104.4	113.4	116.8	110.8	134.6
ई.6 कच्चा तेल उत्पादन	98.9	101.4	99.2	101.5	101.2	97.8	101.9	99.2	102.1	101.7	92.5	102.5
ई.7 पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन	96.0	100.0	99.6	101.6	100.9	95.7	101.3	98.2	103.3	102.8	95.7	105.1
ई.8 उर्वरक उत्पादन	81.7	95.9	98.6	105.5	105.9	104.2	107.7	105.2	106.3	102.8	93.2	92.7
ई.9 प्राकृतिक गैस उत्पादन	97.6	101.6	98.6	102.1	101.5	98.5	102.5	99.7	102.5	101.8	91.5	102.0
एफ.1 वाणिज्यिक मोटर वाहनों का उत्पादन	95.0	95.8	90.9	96.5	98.1	99.0	99.7	100.6	94.0	105.9	106.1	117.6
एफ.2 बड़े बंदरगाहों पर चढ़ाया- उतारा गया माल	99.9	103.9	96.5	99.1	98.2	93.0	98.6	99.1	102.6	104.1	95.5	108.7
एफ.3 रेलवे माल यातायात	97.4	100.7	96.5	97.9	95.4	93.4	98.8	98.6	103.8	106.6	97.9	112.7
एफ.4 वाणिज्यिक मोटर वाहनों का विक्रय	86.1	90.9	96.9	94.2	95.5	106.4	99.7	94.0	98.0	103.6	104.3	129.1
एफ.5 विमान यात्री (कि.मी.)- देशी	101.2	112.0	103.5	96.4	94.2	89.3	98.6	99.7	107.9	102.9	95.9	98.5
एफ.6 विमान यात्री (कि.मी.)- अंतरराष्ट्रीय	96.2	101.0	100.7	106.0	104.0	93.4	93.3	95.2	105.8	109.0	93.9	101.8
जी.1 निर्यात	97.2	100.7	100.5	100.2	97.8	101.6	97.7	92.4	101.5	99.3	96.1	115.1
जी.2 आयात	99.3	104.9	100.2	103.7	98.8	102.4	106.0	98.8	98.4	97.0	90.9	100.9
जी.3 गैर-तेल गैर-स्वर्ण आयात	94.6	99.1	100.6	102.2	98.8	100.6	105.1	103.0	104.1	100.1	93.1	98.4

[1]मौसमी कारक: 100 से विचलन मौसमी-प्रवृत्ति को दर्शाते हैं। उदाहरण के लिए, डब्ल्यूपीआई के मौसमी कारक - अक्तूबर (107.6) के दौरान फल और सब्जियों में बढ़ोतरी हुई और मार्च (89.8) के दौरान कम हो गई जो यह दर्शाती हैं कि अक्टूबर के दौरान थोक बाजार में फल और सब्जियों में कीमत का दबाव रहा और मौसमी परिवर्तन के कारण ये दबाव मार्च में कम हो गया।

टिप्पणी 2:

सभी सीपीआई सूचकांकों के लिए, औसत मासिक मौसमी कारकों की गत 6 वर्षों के आधार पर गणना की गई है (अर्थात अप्रैल 2011 से मार्च 2017)। साथ ही, आईआईपी (संपूर्ण, खनन, विनिर्माण और बिजली) और डब्ल्यूपीआई की पिछली सीरीज़ की गणना के लिए औसत लिंकिंग कारक का उपयोग किया गया।

औसत लिंकिंग फैक्टर की गणना अप्रैल 2012 से मार्च 2017 की समान अवधि के लिए आईआईपी/ डब्ल्यूपीआई सीरीज़ के आधार पर की गई। तथापि, आईआईपी की पिछली सीरीज़ का भिन्न-भिन्न स्तर पर समेकन नहीं किया गया क्योंकि कवरेज में बड़े बदलाव हुए थे।

सारणी 2: मौसमी कारकों का दायरा (शिखर और गर्त के बीच का अंतर) *(जारी)*

सीरीज़/ वर्ष	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	औसत दायरा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
ए.1.1 व्यापक मुद्रा ($एम_3$)	3.0	3.0	2.8	2.6	2.3	2.1	2.0	2.0	1.9	1.9	2.4
ए.1.1.1 सरकार को निवल बैंक ऋण	5.3	5.3	4.9	4.4	4.0	3.5	3.0	2.9	3.0	3.1	3.9
ए.1.1.2 वाणिज्यिक क्षेत्र को बैंक ऋण	4.2	4.3	4.2	3.8	3.2	2.7	2.4	2.4	2.5	2.6	3.2
ए.1.2 संकीर्ण मुद्रा ($एम_1$)	6.2	6.0	5.4	4.9	4.5	4.0	3.7	4.2	4.7	5.1	4.9
ए.1.3 आरक्षित मुद्रा (आरएम)	6.3	6.5	6.7	6.6	6.5	6.4	6.3	6.2	6.3	6.4	6.4
ए.1.3.1 संचलन में मुद्रा	6.8	6.6	6.3	5.9	5.6	5.3	5.1	5.0	5.1	5.1	5.7
ए.2.1 समग्र जमाराशियाँ (एससीबी)	2.5	2.5	2.3	2.1	1.9	1.7	1.6	1.5	1.4	1.4	1.9
ए.2.1.1 माँग जमाराशियाँ (एससीबी)	14.5	14.3	13.0	11.1	8.6	6.2	5.4	5.8	6.6	7.3	9.3
ए.2.1.2 सावधि जमाराशियाँ (एससीबी)	2.2	2.2	2.3	2.2	2.0	1.6	1.3	1.1	1.2	1.3	1.7
